पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर

द्वितीय आवधिक परीक्षा **-2023-24**

कक्षा – **ग्यारहवीं** विषय –हिन्दी समय – 9 0 मिनट पूर्णांक -40

प्रश्न 1 –दिए गए **अपठित** गद्यान्श को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

पानी की आशा पर जैसे सारा जीवन आकर टिक गया हो | बस एक बात मेरी समझ में नहीं आती थी कि जब चारों ओर पानी की इतनी कमी है तो लोग घर में इतनी कठिनाई से इकठ्ठा करके रखा हुआ पानी बाल्टी भर-भर कर इन पर क्यों फेंकते हैं | कैसी निर्मम बरबादी है पानी की | देश की कितनी क्षति होती है इस तरह के अंधविश्वासों से | कौन कहता है इन्हें इंद्र की सेना ? अगर इंद्र महाराज से ये पानी दिलवा सकते हैं तो खुद अपने लिए पानी क्यों नहीं माँग लेते ? क्यों मुहल्ले भर का पानी नष्ट करवाते घूमते हैं, नहीं यह सब पाखण्ड है| अंधविश्वास है | ऐसे ही अंधविश्वासों के कारण हम अंग्रेजों से पिछड़ गए और गुलाम बन गए |

क. लेखक पानी की निर्मम बरबादी किसे मानता था ?

ख. लेखक किसे पाखण्ड और अंधविश्वास कहता है और क्यों ?

ग. लेखक अपनी गुलामी और अवनति का मूल कारण किसे मानता है ?

घ. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक बताइए |

ङ. **अन्धविश्वास** क्या होता है ?

प्रश्न 2 – दिए गए पद्यान्श को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 5

अपनी बस्तियों को
नंगी होने से
शहर की आबो-हवा से बचाएँ उसे

बचाएँ डूबने से
पूरी की पूरी बस्ती को
हड़िया में

अपने चहरे पर
सन्थाल परगना की माटी का रंग
भाषा में झारखंडीपन |

क कविता में किन को बचाने की बात हो रही है ?

ख **भाषा में झारखंडीपन,** से क्या तात्पर्य है ?

ग प्रस्तुत काव्यांश का काव्य सौंदर्य बताइए |

घ काव्यांश के लेखक व पाठ का नाम बताइए | |

https://www.evidyarthi.in/

च अपनी बस्ती को किससे बचने की बात हो रही है ?

प्रश्न 4 – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -- 5X3 15

क **गलता लोहा** कहानी को पढ़कर आप को क्या संदेश मिलता है ?

ख **पाथेर पांचाली** के निर्माण के समय लेखक को किन समस्याओं का सामना करना पड़ा ?

ग कवयित्री अक्क महादेवी **भगवान** से भीख मँगवाने की प्रार्थना क्यों करती हैं |

घ कवि नें चाँद को खतरनाक क्यों बताया है ?

च चेजारो के साथ समाज के व्यव्हार में पहले की तुलना में आज क्या अंतर आया है ?

प्रश्न 5 – निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए- 4

क **सड़क के गड्ढों से हो रही परेशानी के लिए** अपने **विधायक** को पत्र लिखिए |

ख **अपनी पढाई के सम्बन्ध में पिता को जानकारी** देने हेतु पत्र लिखिए |

प्रश्न 6 – निम्न लिखित में से किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए – 5

क संस्कृति और समाज

ख मन के हारे हार है मन के जीते जीत

ग आज की राजनीति में वनवासी समाज

प्रश्न 7 – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -- 4

क **शब्दकोश** की परिभाषा बताइए |

ख **समाचार पत्र** की दो उपयोगिता बताइए |

ग पत्रकारिता के कितने **सिद्धांत** हैं ?

घ जनसंचार के **श्रव्य माध्यम** क्या होते हैं

प्रश्न 8 – निम्नलिखित शब्दों को व्यवस्थित क्रम करिये -- 2

क अमल अमीक आली अलीक अमिय

ख वाणिक वानिकी वमन वाल्मीकि विकृति

https://www.evidyarthi.in/

-

https://www.evidyarthi.in/